# निगम ने जल और संपत्ति कर बढ़ाया

## नगर पालिक निगम का 298.33 करोड़ रुपए का बजट पारित




**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम की मेयर इन काउंसलिंग में शहर छिन्दवाड़ा में घरेलू व्यवसायिक जल कर में वृद्धि करते हुए संपक्षि कर में १० प्रतिशत की वृद्धि की है। यानि अब घरेलू उपयोग के लिए पानी का बिल २६० रूपये प्रतिमाह और व्यवसायिक ७८० रूपये प्रतिमाह देय होगा। साथ ही वर्तमान समय में जो संपक्षि कर लग रहा है उसमें १० प्रतिशत की वृद्धि करते हुए दर निर्धारित की गई है।

नगर निगम छिंदवाड़ा की मेयर इन काउंसलिंग की बैठक मंगलवार को निगम महापौर विक्रम अहके की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शहर के विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित किए गए।

नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा का वर्ष २०२५-२६ का बजट अनुमान तैयार करके स्वीकृति प्रस्तुत किया गया। यह बजट कुल राजस्व आय एवं पूंजीगत आय रूपये दो सौ अनठायन्वे करोड तैतीस लाख दस हजार रूपये तथा कुल राजस्व व्यय एवं पूंजीगत व्यय रूपये दो सौ अनठायन्वे करोड ब8ाीस लाख निन्यान्वे हजार रूपये का प्रस्तुत किया गया।

जिसे सर्वसहमति से पास किया गया। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल चयनित सहायक जनसंपर्क अधिकारी के पद पूर्ति हेतु अ5यर्थियों के आदेश नियमानुसार जारी करने की सहमति दी गई।

वार्ड क्रमांक १५ में चौक का नामकरण संत श्री जलाराम चौक किए जाने के संबंध में सहमति दी गई। श्रीवास्तव कॉलोनी में पार्क में डॉ1टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किया जाने हेतु स्वीकृति दी गई। इसके अतिरिक्त निगम के विभिन्न शॉपिंग कॉम्प्लेक्स एवं दुकानों के आरक्षित वर्ग के आवेदन न आने पर विक्रय हेतु उक्त दुकानों को अनारक्षित श्रेणी में परिवर्तन की स्वीकृति गई।

इसके साथ ही प्रताप शाला एवं माल धक्का कॉम्प्लेक्स की दुकानों के बार-बार निविदा जारी करने के बाद भी आवेदन नहीं आने पर इनके मूल्य में कमी करने पर सहमति दी गई।

संपक्षि कर की स्वीकृत दर वर्ष २०१५-१६ की दरों जो कि २०२५-२६ में प्रभावशील है उक्त स्वीकृत दरों में शासन निर्देशानुसार १० प्रतिशत की वृद्धि किए जाने हेतु सहमति प्रदान की गई। ट्रांसपोर्ट नगर के विकास कार्य एवं भूखण्डो की न्यूनतम दर ८३८ रुपए के निर्धारण किये जाने हेतु सहमति प्रदान की गई।

नगर निगम को प्रति नल कने1शन जल आपूर्ति करने में ४५० रुपए प्रति कनेक्शन का खर्च आता है, अत: वित्तीय वर्ष २०२५-२६ हेतु जल उपभोक्ता प्रभार की दर घरेलू आवासीय प्रयोजन हेतु २६०/- प्रतिमाह एवं व्यवसायिक/भवन निर्माण प्रयोजन के लिए ७८०/- प्रतिमाह निर्धारित की गई। फव्बारा चौक से गोलगंज तक मार्ग का नाम आचार्य विद्यासागर जी महाराज के नाम करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

कुलबहरा नदी के दाहिनी ओर भी सौंदर्यीकरण एवं मूर्ति विसर्जन व्यवस्था बनाने हेतु सहमति व्यक्त की गई। इसके साथ ही एक देश एक चुनाव के समर्थन के संबंध में सर्व स6मति से प्रस्ताव पारित किया।इस बैठक में नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय, उपायुक्त कमलेश निरगुड़कर, कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली सहित समस्त सभापति, अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

## दिव्य व भव्य होगा हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम, सिद्ध सिमरिया धाम में होगा आयोजन

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर सिमरिया धाम में १२ अप्रैल २०२५ को दिव्य व भव्य आयोजनों के साथ हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर शिकारपुर कमलकुंज में एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें संगठन से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को प्रथक-प्रथक जि6मेदारी सौंपी गई है।

कांग्रेस संगठन के उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के समक्ष सुझाव रखे जिन पर अमल करने हेतु सभी को आश्वस्त किया गया। प्रत्येक कार्यक्रम की जि6मेदारी प्रथक-प्रथक पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सौंपी गई है ताकि आयोजन में स6मलित होने वाले जिलेभर के श्रद्धालु भक्तजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो। प्रात:काल से मंदिर परिसर में विशेष पूजा अर्चना का दौर प्रारंभ होगा जो देर रात्रि तक जारी रहेगा।

गदा यात्रा व भजन संध्या व महाप्रसादी के वितरण को लेकर चर्चा की गई। जिले सहित प्रदेश व देश के श्रद्धालु भक्तजनों की आस्था का केन्द्र बन चुके पावन सिमरिया धाम में १०१ फीट व ६ इंच ऊंची श्री हनुमान जी की प्रतिमा एवं गर्भगृह में अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित है।

आयोजित बैठक में गदा यात्रा का निर्धारित मार्ग सुनिश्चित करने के साथ ही गदा यात्रा निकाले जाने का समय भी तय किया गया। इसके अतिरिक्त दोपहिया व चौपहिया वाहनों की पार्किंग के साथ ही अन्य आयोजनों के लिए स्थान का निर्धारण किया गया। रात्रि के समय में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पूर्ण उत्साह व उल्लास के साथ भाग लें।

### सार समाचार

## कांग्रेस नेत्री ने वार्ड दो में मुस्लिम बहनों को कराया रोजा इफ्तार



**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** गत २४ मार्च २०२५ दिन सोमवार को पूर्व मु2यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ के मार्गदर्शन में कांग्रेस नेत्री श्रीमती रेणु तिवारी द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रमजान के पावन अवसर पर वार्ड क्र. २ में निवासरत मुस्लिम बहनों को अपने निवास स्थान पर कार्यक्रम का आयोजन कर रोजा अ3तार कराया।

इस अवसर पर मु2य रूप से कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष श्रीमती संतोषी गजभिये, रेशमा खान, रजीया बाजी, जुबेदा बाजी, यास्मीन कुरैशी, मरीयम बी, नूरजहॉ बानो, शोभा शर्मा, समीता ठाकुर, शर्मिला प्रतिती, राशि चौबे, विनीता सोनी, मुन्ना धुर्वे एवं अन्य महिलायें उपस्थित रही। श्रीमती तिवारी ने देश में हिन्दु-मुस्लिम भाई-बहनों के बीच अमन चैन की दुआ मॉगी।

## कलेक्टर को निमंत्रण दिया वैश्य महा सम्मेलन ने



**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** आज वैश्य महास6मेलन म.प्र. के संगठन महामंत्री विजय झांझरी के नेतृत्व में प्रदेश मंत्री रमेश जा2ोटिया, संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज, जिलाध्यक्ष अनिल सिंघई, कोषाध्यक्ष प्रशांत सोनी, आशीष जैन, आशीष पाटोदी, बृजेश काल्पिवार, धर्मेन्द्र साहू, विशाल माहेश्वरी एवं मयंक नेमा ने कले1टर शीलेंद्र सिंह से मुलाकात किए एवं २७ अप्रैल को होने वाले मु6बई के सुप्रसिद्ध शुगर के डॉ. प्रदीप गाडगे के आगमन तथा सेमिनार की जानकारी देकर उपस्थित रहने हेतु निवेदन किया उक्ताशय की जानकारी देते हुए वैश्य महास6मेलन म.प्र. ईकाई छिन्दवाड़ा के जिलाध्यक्ष अनिल सिंघई ने बताया कि कले1टर ने संगठन के निमंत्रण को स्वीकार करते हुए उपस्थित रहने का आश्वासन भी दिए है। वैश्य महास6मेलन के संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज ने छिंदवाड़ा के नागरिकों से शिविर एवं सेमिनार का लाभ लेने का निवेदन भी किया है।

## वरिष्ठ नेताओं से मिले सांसद

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने मंगलवार को छिन्दवाड़ा शहर में विभिन्न वरिष्ठ नेताओं के घर पहुंचकर उनसे अनौपचारिक मुलाकात करते हुए उनका हाल-चाल जाना। वहीं कुछ दु:खी परिवारों के घरो में भी जाकर उन्हें सांत्वना व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू गुरैया मंडी के पास स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता नंदू सूर्यवंशी, पंकज शु1ला एवं बबलू पराते के घर पहुंचे और उनसे एवं उनके परिवारजनों से अनौपचारिक मुलाकात करते हुए उनका हालचाल जाना। वही सांसद श्री साहू विगत दिनों दिवंगत हुए छिन्दवाड़ा निवासी गुरू प्रसाद साहू के पुत्र स्वर्गीय दीपेश साहू को एवं विगत दिनों तामिया दौरे के दौरान चावलपानी मंडल अध्यक्ष नीतेश पटेल की दादी के निधन के उपरांत उन्हें श्रद्धांजली देने के लिए उनके निवास स्थान पहुंचे एवं उनकी फोटो पर पुष्पांजली अर्पित कर भगवान से प्रार्थना की कि वे मृत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देते हुए उन्हें मोक्ष प्रदान करे। है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष पटेल, राजू नरोटे, मंडल अध्यक्ष अंकुर शु1ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित पोफ्ली, तरुण मल्होत्रा, विश्वेन्द्र बैस सहित ग्रामों के वरिष्ठ नागरिक।

## सांसद ने 88 परिवारों को वितरित किए आर्थिक सहायता के चैक

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद कार्यालय में छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा के 88 परिवारों को सांसद श्री साहू ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से 3 लाख 96 हजार की सहायता राशि के चैक वितरित किये। सांसद ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा है कि हर जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाये। इसी मंशा को पूरा करते हुए छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के हर जरूरतमंद लोगों की हर संभव मदद की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू लगातार छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले का दौरा कर रहे है। इस दौरान आर्थिक रूप से कमजोर परिवार द्वारा सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर आर्थिक सहायता के लिए निवेदन किया जा रहा है।

जिसे गंभीरता से लेते हुए लगभग सभी के आवेदनों पर विचार करते हुए उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सांसद श्री साहू के समक्ष पहुंचे आर्थिक सहायता के आवेदनों में इलाज, स्कूलों एवं कॉलेजों की फीस सहित अन्य मामले शामिल है। उक्त राशि के चैक मिलने पर हितग्राहियों ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि इस राशि से उनकी जरूरतें पूरी हो जायेगी।गौरतलब है कि सांसद श्री साहू इसके पूर्व भी सांसद कार्यालय छिन्दवाड़ा सहित सौंसर एवं पांढुर्णा दौरे के दौरान कई हितग्राहियों को स्वेच्छानुदान निधि से लाखों की सहायता राशि दे चुके है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष पटेल, राजू नरोटे, मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली, जिला उपाध्यक्ष बंटी पटेल, मोरेश्वर हिवसे सहित हितग्राही उपस्थित थे।

## संसाधनों के कम उपयोग से बचेगा पर्यावरण : प्रो. अमरसिंह



**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय उमरानाला में पर्यावरण शिक्षण के अंतर्गत सतत जीवन स्वस्थ जीवन पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि वक्ता प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय चांद प्रो. अमर सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी के संसाधनों को कम उपयोग कर पर्यावरण को नुकसान से बचाना ही सतत जीवन शैली है।

संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, तनाव प्रबंधन, पर्यावरण के अनुकूल परिवहन, स्थानीय एवं मौसमी भोजन इसके प्रमुख घटक हैं। पर्यावरणीय शुद्धता का सीधा संबंध सतत जीवन और स्वस्थ जीवन से जुड़ा है। मनुष्य मूलत: प्राकृतिक परिवेश में पनपने वाला प्राणी है, भौतिक युग की पराकाष्ठा के आज के कृत्रिम माहौल ने उसे पहले ही उसको दिव्य क्षमताओं से वंचित कर दिया है। मानव को अपनी नस्ल को पूर्णता प्रदान करने हेतु शारीरिक, मानसिक, आत्मिक और भावनात्मक विकास के बीच संतुलन स्थापित करना होगा।

प्राचार्य प्रो. ए.एन.के. राव ने कहा कि असंतुलन अस्वस्थता की जननी है और सतत जीवन में सबसे बड़ी बाधा है। मनुष्य की भौतिकता की अंधी दौड़ उसे प्रकृति से मिलने वाली समस्त आध्यात्मिक संजीवनी से वंचित कर देती है। मनुष्य पैदा ही हुआ है दिव्य अनुभूतियों से सृजन की उद्दाम अभिव्यक्ति की स्थापना के लिए।

प्रो. जी.एस.आर. नायडू ने कहा कि मनुष्य को उसकी विलासिता ने उसके आंतरिक संस्कारों के परिमार्जन पर विराम लगा दिया है। प्रो. सरिता कुशवाह ने कहा कि हर मनुष्य के अंदर निहित अनगिनत संभावनाओं के उदय के लिए जिस आत्मिक प्रकाश के प्रज्ज्वलित होने की दरकार थी, उसके पथ को कृत्रिमता की अनावश्यक आंधी ने धूमिल कर दिया है।

प्रो. प्रशांत महाजन ने कहा कि समस्त साधन सहृदयता की चेतना को जगाने के लिए बने हैं, न कि मनुष्यता को कमजोर करने के लिए। प्रो. उ6मेद विश्वकर्मा ने कहा कि हमें उस हर हरकत को जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है, निर्मूल करना होगा अन्यथा सृष्टि के सतत निर्माण में मनुष्यता निर्माण की सार्वभौमिक यथार्थपरकता निर्बल हो जाएगी। प्रो. गौरी वेदी ने कहा कि उससे पहले कि हम विनाश के उस कगार तक पहुंच जाएं कि वहां से लौटना मुश्किल हो जाए, संभलने में ही समझदारी होगी।

## दो सूने घरों में लाखों की चोरी

**अमरवाड़ा देशबन्धु।** नगर के हृदय स्थल बड़ मोहल्ला आजाद वार्ड में रहने वाले राजपूत परिवार के चंद्रकांत एवं नंदकिशोर राजपूत पिता स्वर्गीय शंकर सिंह राजपूत के घरों में चोरी की वारदात सामने आई है वारदात को उसे समय अंजाम दिया गया जब वे अपने परिवार सहित घर में ताला लगाकर ग्राम गाडरवारा सिवनी शादी समारोह में शामिल होने के लिए गये थे।



शाम करीब ५ बजे चंद्रकांत को उसका भतीजा योगेंद्र उर्फबापू राजपूत ने फोन करके बताया २३ मार्च को शाम ५ बजे उसने देखा तो घर के पीछे के दरवाजे टूटे हुए थे उसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

इसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल शुरू की बताया जाता है कि चंद्रकांत उर्फ चंदू एवं नंदकिशोर उर्फनंदू शाम करीब ६ बजे वापस आए देखा कमरों में रखी गोदरेज अलमारी लॉकर टूटे हुए थे।अलमारी में रखें सोने एवं चांदी के पुराने इस्तेमाली जेवर दो सोने की वेदी, दो सोने की नथ, सोने की झुमकी, दो सोने की चेन, मंगलसूत्र का लॉकेट, पांच अंगूठी जेंट्स, दो अंगूठी सोने की, एक चांदी का करधन एक जोड़ी पायल, चांदी के १५ सिक्के, नगदी रुपए ६० हजार गायब थे।

चोरों ने उनके सूने घर के पीछे का दरवाजा तथा कमरे का जंगला में लगी लोहे की छड़ों को तोड़कर अंदर जाकर अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर एवं नगद रुपए चोरी कर लिए जिसकी शिकायत पर पुलिस द्वारा फोरेंसिक एक्सपर्ट के साथ मौके पर पहुंचकर पड़ताल शुरू कर दी है।

इस तरह की लाखों रुपए की दो चोरी की वारदात नई आबादी क्षेत्र में एक माह में सामने आ चुकी हैं लेकिन पुलिस के हाथ खाली है और अब तक चोरों को पकड़ नहीं जा सका है पुलिस द्वारा राजपूत परिवार की रिपोर्ट पर मामला पंजीबद्ध कर सूक्ष्म रूप से चोरों की तलाश में जुट गई है।

## अवैध खनिज परिवहन करते पाए जाने पर दो ट्रैक्टर जब्त

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह एवं एस.डी.एम. परासिया पुष्पेंद्र निगम के निर्देशानुसार तथा प्रभारी खनि अधिकारी रविन्द्र परमार के मार्गदर्शन में जिला छिंदवाड़ा के परासिया अनुभाग के अंतर्गत खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण की रोकथाम के लिये पुलिस, राजस्व एवं खनिज विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा आज तहसील परासिया एवं उमरेठ के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

क्षेत्र निरीक्षण के दौरान परासिया तहसील के अंतर्गत चौकी बड़कुही थाना चांदामेटा के अंतर्गत इकलहरा कोयला खदान की ओर से एक ट्रै1टर क्रमांक MP28 AC9843 ट्रॉली में अवैध रूप से खनिज कोयला का परिवहन करते पाये जाने पर चौकी बड़कुही, थाना चांदामेटा पुलिस, माइनिंग व राजस्व की टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई।

## गुरैयाढाना में शुरू हुआ एनएसएस का सात दिवसीय शिविर

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा प्राचार्य अलका श्रीवास्तव के संरक्षण में दिनांक 25 से 31 मार्च 2025 तक राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्राथमिक शाला चिमन ढाना, ग्राम पंचायत गुरैयाढाना में किया गया। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच श्रीमती निशा धुर्वेए पूर्व पार्षद रेशा बघेल, प्रधान पाठक राजकुमार चौधरी, पूर्व प्राचार्य आरएस शिवकर द्वारा सरस्वती पूजन कर बच्चों को मार्गदर्शन दिया गया।

स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना जागृति की रैली निकाली गई। एएनएम दीदी छाया करोसिया व रीना द्वारा किशोरावस्था में होने वाली समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया तथा किशोरी बालिकाओं को पोषण आहार से संबंधित जानकारी दी गई। एनएसएस की छात्राओं द्वारा वैक्सीनेशन कार्य में सहयोग किया गया। पॉलिथीन मुक्त भारत बनाने विषय पर बच्चों द्वारा स्लोगन लिखे गएए कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी निहारिका शिवकर द्वारा किया गया स सभी स्वयंसेवको ने उत्साह से इस कैंप शिविर में भाग लिया। अपने अनुभव साझा किये स एनणएसणएस शिविर की प्रतिभागी छात्राओं से जिला शिक्षा अधिकारी जीएस बघेलए सहायक संचालक पीएल मेश्राम प्राचार्य अलका श्रीवास्तव, वरिष्ठ व्याख्याता कृष्णा महोरे तथा वरिष्ठ शिक्षकों ने परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया।



## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आज

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है।

प्रथम चरण में तीन दिवसीय प्रशिक्षण एवं व्दितीय चरण में 0दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रथम बैच का प्रशिक्षण आज तीसरे दिन २६ मार्च २०२५ तक दिया जाएगा।

इसके अंतर्गत विकासखंड छिंदवाड़ा, मोहखेड़, परासिया, जुन्नारदेव, तामिया, बिछुआ, अमरवाड़ा, हर्रई, चौरई में यह प्रशिक्षण आज २६ मार्च २०२५ को प्रात: ९ बजे से शाम ५ बजे तक आयोजित किया गया है। जिसके बाद व्दितीय चरण में २७ से २९ मार्च २०२५ तक प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

कले1टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा इस प्रशिक्षण की निगरानी के लिये संबंधित एस.डी.एम. और जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निरीक्षणकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है। तथा सभी प्रशिक्षणार्थियों से समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

# 110 आवेदकों की समस्याएं सुनी कलेक्टर ने



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है।

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने कल कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में ११०० आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, पी एम किसान स6मान निधि की राशि दिलाने, छात्रवृ8ि दिलाने, बिजली के खंबे लगाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम भरदागढ़ के सूरजलाल व जुगरलाल ने भू-अधिकार पट्टा दिलाने, अमरवाड़ा के जयराम ने खेत का सीमांकन कर न1शा सुधरवाने, ग्राम उमरहर के ग्रामवासियों ने उमरहर से भाजीपानी तक प्रधानमंत्री सड़क निर्माण कराने, ग्राम मूसादेही के विजय उईके ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मिलने वाली सहायता राशि दिलाने, ग्राम पगारा की श्रीमती ऊषा परतेती ने कपिलधारा कूप योजना का लाभ दिलाने, ग्राम मेहगोरा के विनोद ने बीपीएल राशन कार्ड बनाने, ग्राम तिवड़ा के संतकुमार डेहरिया ने शासन की योजना के अंतर्गत मनरेगा में किये गये कार्य की राशि दिलाने, मोहखेड़ की श्रीमती गंगाबाई ने सीमांकन एवं कब्जा वारंट निरस्त कराने व कब्जा यथावत करने, ग्राम जमुनिया की श्रीमती साबित्री बट्टी ने संबल योजना के अंतर्गत दी जाने वाली सहायता राशि दिलाने एवं छिंदवाड़ा नगर के प्रियदर्शिनी कॉलोनी के उमाशंकर वर्मा ने भूमि का सीमांकन करने आदि के आवेदन प्रस्तुत किये।

इस दौरान कले1ट्रेट सभाकक्ष में सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, ए.डी.एम. के.सी. बोपचे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा भी आवेदनों पर सुनवाई की गई, जबकि अन्य सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जनसुनवाई में शामिल हुये जिन्हें आवेदकों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने निर्देश दिए।

# उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कले1टर शीलेन्द्र सिंह के दिशानिर्देशन में एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. शास्त्री के मार्गदर्शन में दिनांक २५ मार्च २०२५ को सी.एम.एच.ओ. कार्यालय के सभाकक्ष में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट १९९४ के तहत जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में डॉ. श्वेता पाठक नोडल अधिकारी पी.सी. एवं डॉ. शिखर सुराना रेडियोलॉजिस्ट के द्वारा सलाहकार समिति के सदस्यो की उपस्थिति में जिले में संचालित शासकीय एवं पंजीकृत निजी सोनोग्रॉफी सेंटर, नर्सिंग होम व अस्पतालो में पी.सी.पी.एन.डी.टी. ए1ट के पालन करने एवं जनजागरूकता व समुचित प्रचार हेतु उन्मुखीकरण किया गया।

उन्होंने अधिनियम के बारे में तकनीकी जानकारी देते हुये बताया कि लिंग चयन निषेध अधिनियम का उद्देश्य भ्रूण के लिंग निर्धारण की रोकथाम एवं भ्रूर्ण हत्या पर रोक लगाना हैं।

साथ ही जानकारी दी गई कि भ्रूण के लिंग/चयन की जॉच अवैधनिक अपराध हैं तथा अधिनियम के तहत कन्या भ्रूण हत्या दंडनीय अपराध हैं तथा दोषी पाये जाने पर ३ से ५ वर्ष की सजा एवं ५०० हजार से एक लाख रूपये तक जुर्माने का प्रावधान हैं। यदि अभिभावको द्वारा इस अधिनियम के तहत उल्लंघन किया जाता हैं तो उन्हें भी दण्ड दिये जाने का प्रावधान हैं।

कार्यशाला में समझाईश दी गई कि समस्त सोनोग्रॉफी सेंटर व अस्पतालो में इस अधिनियम का कड़ाई से पालन किया जाना



अनिवार्य हैं। इस अधिनियम से संबंधित बैनर व पोस्टर का प्रदर्शन, सोनोग्रॉफी सेंटर एवं अस्पतालों में किया जाये तथा सोनोग्रॉफी के दौरान भरे गये एफ फॉर्म की जानकारी प्रति माह प्रेषित किये जाने हेतु समस्त सोनोग्रॉफी सेंटर/अस्पताल के संचालको को निर्देषित किया गया।

## सार समाचार

### बुलेट से ध्वनि प्रदूषण करना पड़ा महंगा, परासिया पुलिस ने की सख्त कार्रवाई

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** परासिया पुलिस ने सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले बुलेट वाहन क्रमांक MP28 ND6185 पर स2त कार्रवाई की है। यह वाहन अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग कर रहा था, जिससे तेज आवाज उत्पन्न हो रही थी और लोगों को असुविधा हो रही थी। मोटर वाहन अधिनियम (MV Act) की विभिन्न धाराओं के तहत चालान जारी किए गए जिसमें धारा १३०/१७७ रूपये ५००, धारा १२९/१७४ रूपये ३००/-, धारा १३२/१७७ रूपये ५००/-, धारा १९८ रूपये १०००/-, धारा ५१/१७७ रूपये ५००/- १२०/१९०(२) रूपये १००० इस तरह कुल चालान राशि ३८००/- रूपये। परासिया पुलिस का कहना हैं कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि सड़क पर नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके और ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग न करें, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम में उप निरीक्षक रविंद्र ठाकुर, सैनिक नरेंद्र धुर्वे, थाना परासिया तथा एस.डी.ओ.पी. कार्यालय परासिया से सैनिक अजय द्विवेदी शामिल रहे।

### पुस्तक मेले के सफल संचालन के लिए पुस्तक व गणवेश विक्रेताओं को कक्षा का आवंटन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कले1टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से आज पुस्तक एवं गणवेश मेले के सफ्ल संचालन के लिए एमएलबी



स्कूल में लॉटरी निकालकर पुस्तक एवं गणवेश विक्रेताओं को कक्षा का आवंटन किया गया, जिसमें ३० पुस्तक विक्रेता एवं १० गणवेश विक्रेता उपस्थित थे। मेले का शुभारंभ २७ मार्च को होगा।मेले के नोडल अधिकारी डिप्टी कलेकटर राहुल पटेल द्वारा विक्रेताओं को सामग्री पर छूट एवं जी.एस.टी. बिल प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल द्वारा बताया गया कि मेले में विक्रेताओं और अभिभावकों की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम एवं हेल्प डेस्क एमएलबी स्कूल के हॉल में स्थापित कर चार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### वॉर्ड २९ की जनता के साथ पार्षद ने शराब भट्टी हटाने को कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल २५ मार्च को दोपहर ०१० बजे वॉर्ड क्रमांक २९ के पार्षद एवं पूर्व सभापति नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा राहुल मालवी ने शराब की दुकान को हटाने के लिए सौंपा। ज्ञापन साथ में महिलाओं की जन सुनवाई हेतु पार्षद राहुल मालवी ने बताया कि शराब भट्टी के कारण पूरे वॉर्ड का माहोल



बहुत ही खराब है छोटी-छोटी बच्ची अपने स्कूल जाने के लिए उसी मार्ग से आना जाना करती है साथ ही महिलाएं उस स्थान से गुजरती है एवं शराब भट्टी की गंदगी के कारण जीना दुश्वार है वहीं शराब के कारण वहां सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम क्षेत्रवासी लोग नहीं कर पाते है, अपनी समस्या के साथ कले1टर के नाम ज्ञापन सौंपा और पार्षद राहुल मालवीय ने प्रशासन से आग्रह किया कि शराब भट्टी को शहर से बाहर किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए जिससे आने वाले समय में बच्चों का भविष्य एवं महिला सुरक्षा को ध्यान में रखा जाए। वहीं कुछ लोगों का कहना था कि पार्षद की कुछ अपेक्षाऐं है इसलिए ज्ञापन सौपा है।

# नर्सरी से पांचवीं तक एवं छठवीं से 11 वीं तक का परीक्षा परिणाम घोषित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** फर्स्ट स्टेप सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे कल २४ मार्च को नर्सरी से कक्षा ५ वी तक एवं २५ मार्च को कक्षा ६ वी से ११ वी तक वार्षिक परीक्षा परिधाम घोषित किये गये। इस अवसर पर दो दिवसीय समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में विद्यार्थियो के साथ पालक भी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष शाला परिवार द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने के विधार्थियो के साथ साथ विधार्थियो के सर्वागीण विकास को प्रोत्साहन देने के लिए ६ अन्य व्यक्तिगत पुरुस्कार दिए जाते हैं जिनमे बेस्ट डिसिप्लिन, बेस्ट अटेंडेंस, बेस्ट इ6प्रूवमेंट, बेस्ट इंग्लिश स्पीकिंग, ऑल राउंडर साथ ही बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड दिए जाते है।

इन अवाड्र्स के माध्यम से विधार्थी स्वस्थ वातावरण मे जीवन मे काम आने वाले महत्वपूर्ण अनुशासनिक गुणों का विकास कर प्रगति पथ पर अग्रसर होते है स साथ ही सतत वार्षिक मूल्यांकन से भी लाभान्वित होते है। इस अवसर पर शाला संचालिका श्रीमति मंजू प्रदीप साव के कुशल मार्गदर्शन मे विद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है। समारोह मे लगभग ३५०० विधार्थियो को उनकी प्रतिभाओ के अनुसार पुरुस्कृत किया गया।

अवाड्र्स पाकर विधार्थियो के चेहरे खिल उठे। शाला प्रबंधन द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले इस समारोह और शिक्षा के क्षेत्र मे इस नवाचार की पालको ने खूब प्रसंशा की। इस




अवसर पर शाला प्राचार्या श्रीमति रुचिका अमित साव ने सभी पालको के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी विधार्थियो के उज्जवल भविष्य की कामना की। समस्त शाला स्टॉफ द्वारा सभी विधार्थियो को उनके उत्कृष्ट परीक्षा रिजट्स पर बधाई।

### बकाया राशि जमा नहीं होने पर कनेक्शन विच्छेद किया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी प्राईवेट लिमिटेड विद्युत वितरण केंद्र सिंगोड़ी के सुपरवाईजर कृतार्थ श्रीवास्तव ने बताया कि प्रति वर्ष माह मार्च में वार्षिक लेखाबंदी होने के कारण विद्युत विभाग द्वारा वसूली की जाती है। इसी तारतम्य में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी माह मार्च में विद्युत विभाग द्वारा बिजली बिल बकायादारो से बकाया राशि वसूली की जा रही है एवं सभी घरेलू, कमर्शियल, औद्योगिक, कृषि एवं अन्य उपभोक्ताओं की बकाया राशि होने पर विद्युत लाईन विच्छेदन किया जा रहा है कई कई जगह भुगतान नहीं करने वालो पर कुर्की की कार्यवाही भी की जा रही है। कनिष्ठ अभियंता सिंगोड़ी द्वारा जानकारी प्रदान की गई है कि माह मार्च में वार्षिक टारगेट प्राप्त करने के लिए काफी कड़ाई से वसूली का अभियान विद्युत विभाग द्वारा की जा रही है।

### टीन शेड डालकर किया कब्जा शिकायत होने पर खोल दी प्याऊ

**परासिया, देशबन्धु।** नगर के पुलिस थाने के पीछे स्थित वेकोलि के पेच स्टाफ 1लब की बाउंड्रीबाल से सटाकर पिछले दिनों मोनू सेगर नामक व्यक्ति के द्वारा टीन सेट डालकर जमीन पर कब्जा कर लिया गया है। इस मामले को लेकर पेंच क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक ने गत १३ मार्च को पुलिस थाने में शिकायत देकर अवैध कब्जा हटाने एवं मोनू सेगर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी। लेकिन इतने दिनों के बाद ना तो अवैध कब्जा हटा और ना ही पुलिस ने कोई कार्यवाही की। अब इस अवैध कब्जे के मामले में आज एक नया मोड़ सामने आया है।



अवैध कब्जे वाली जमीन पर बाकायदा अमोल सिंह सेगर उर्फ मोनू ठाकुर ने पंडाल एवं अपने आप को क्षत्रीय करणी सेना परिवार का जिला अध्यक्ष बताते हुए लगाकर प्याऊ खोल दिया है। वहीं में नपा अध्यक्ष विनोद मालवी एवं भाजपा शहरी मंडल अध्यक्ष दविंदर उर्फ बल्लू नागी का भी फोटो है। प्याऊ का विधिवत उद्घाटन किया गया।

यह बात सामने आई है कि मोनू सेगर के पक्ष में अब स8ा पक्ष के प्रभावशाली जनप्रतिनिधि साथ आ गए है। अब सवाल यह उठता है कि वेकोलि अधिकारी अवैध कब्जा कैसे हटा पाएंगे। जबकि परिस्थितियों को भापते हुए पुलिस प्रशासन पहले ही मौन हो गया है। ज्ञात हो कि मोनू सेगर की मां शोभा सेगर नगर पालिका परासिया में भाजपा की पार्षद है।

# ईद-उल-फितर, रामनवमी और हनुमान जयंती को लेकर शांति समिति की बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले में ईद-उल-फित्र का त्यौहार चांद ३० मार्च को नजर आने पर ३१ मार्च को और ३० मार्च को चांद नजर नहीं आने पर ००१ अप्रैल को मनाया जायेगा। ईद-उल-फित्र के दिन जामा मस्जिद गोलगंज और नूरी मस्जिद ऊंटखाना में सुबह ०८ बजे, बड़ी ईदगाह में सुबह ०८.३० बजे, छोटी ईदगाह में सुबह ८.३०० बजे और रिसाला मस्जिद में सुबह ९.०० बजे नमाज अदा की जायेगी। इसी प्रकार ३० मार्च से नवरात्रि का त्यौहार प्रारंभ हो रहा है, ०६ अप्रैल को रामनवमी पर्व और १२ अप्रैल को हनुमान जयंती का पर्व मनाए जाएगा।

इन त्योहारों के दौरान कानून, शांति एवं अन्य व्यवस्था बनाये जाने के संबंध में कल कले1टर कार्यालय के सभाकक्ष में कले1टर शीलेंद्र सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डे की उपस्थित में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्यों से चर्चा के उपरांत विभिन्न सुझाव लिए गए और संबंधित अधिकारियों को तदनुरूप आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

शांति समिति के सभी सदस्यों ने होली पर्व में प्रशासन पुलिस द्वारा की गई बेहतर कानून व्यवस्था के लिए आभार व्यक्त किया और आगामी सभी त्यौहारों में पूरा सहयोग करते हुए सद्भाव, अमन और भाईचारे से त्यौहार मनाए जाने का भरोसा पुलिस प्रशासन को दिखाया।



कलेक्टर श्री सिंह ने ईद-उल-फित्र, रामनवमी और हनुमान जयंती की सभी सदस्यों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए जिले की परंपरा के अनुरूप इस बार भी अमन और सौहार्द्र के माहौल में सभी त्यौहार मनाने की अपील की एवं कोई भी समस्या आने पर उसका तत्काल समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने आश्वत किया कि इस बार भी प्रशासन-पुलिस की सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहेंगी।

उन्होंने विशेष रूप से अपील की है कि त्योहारों के दौरान सतर्क रहें, अफ्वाहों से सावधान रहें। किसी भी सोशल मीडिया पोस्ट या अफ्वाह की पुष्टि करने के बाद की उसे आगे बढ़ाएं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मर्स पर सोच समझ कर प्रतिक्रिया दें। हमें आपसी भाईचारे और समझदारी का परिचय देते हुए असामाजिक तत्वों की मंशा पूरी नहीं होने देना है। पुलिस अधीक्षक श्री पांडे ने बेहतर कानून व्यवस्था में पुलिस के सहयोग के लिए विभिन्न आयोजन समिति के सदस्यों से अपने वॉलंटियर्स नियुक्त कर इसकी जानकारी उपलब्ध कराने का आग्रह किया।

साथ ही आवश्यकता अनुरूप सभी आयोजन स्थलों पर पुलिस बल एवं महिला पुलिस बल लगाने के लिए आश्वत किया। बैठक में नगर निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहके, अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे, नवागत एएसपी आयुष गुप्ता आईपीएस, एसडीएम सुधीर जैन छिंदवाड़ा, नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय, संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर सहित बिजली, पी.ड4लू.डी. सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं समिति के शासकीय एवं अशासकीय सदस्यगण मौजूद थे। कले1टर श्री सिंह ने समिति के सदस्यों से विभिन्न सुझाव और फीडबैक लेने के उपरांत निर्देश दिए कि पर्व की तैयारियां अभी से शुरू कर दी जाएं। सभी संबंधित स्थानों की साफ सफाई, सडकों की मर6मत, पेयजल की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करें। अतिक्रमण हटवाएं एवं टैंकर, फायर बिग्रेड आदि तैयार रखें। पर्व के दौरान विद्युत प्रवाह निरंतर चालू रखें और पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

शबेकद्र के लिए भी मस्जिदों और कब्रिस्तानों में समुचित प्रकाश व्यवस्था एवं साफ सफाई नगर निगम और एमपीईबी सुनिश्चित करें। ईद-उल-फित्र के दिन नमाज के दौरान यातायात व्यवस्था प्रातः ६ से १०० बजे तक सभी पहुंच मार्गों के लिए की जाए। ईदगाह स्थल और बाजारों में दो पहिया वाहनों को रोड पर खड़ा नहीं रखने दिया जाए और भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई जाए।

नगर निगम के अधिकारी फव्वारा चौक की दुकानें व्यवस्थित कराएं। इसी तरह रामनवमी और हनुमान जयंती की शोभायात्रा मार्ग की व्यवस्थाएं देख लें। पुलिस अधीक्षक श्री पांडेय ने कहा कि ईद के दिन से तीन दिनों तक मेला रहने के दृष्टिगत महिला पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। उन्होंने सीएसपी और एसडीओ यातायात को त्योहारों के पूर्व सभी संबंधित स्थलों और मार्गों में पूरी यातायात व्यवस्था का रन थ्रू करने के निर्देश दिये। साथ ही सभी आयोजनों के दौरान आमजन को जि6मेदार नागरिक होने का परिचय देते हुए नगर निगम द्वारा दिए गए डस्टबिनों का उपयोग करें।

### दो मैच खेले गए

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद विवेक बंटी साहू की प्रेरणा से इंदिरा गांधी क्रिकेट मैदान में सांसद कप क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को 2 मैच खेले गए। टूर्नामेंट के सचिव संदीप मालवीय ने बताया कि गत रात्रि दूसरा मैच सतपुडा टाइगर्स क्लब् व स्काई क्रिकेट क्लब के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते सतपुडा टाइगर्स क्लब छिंदवाड़ा ने १७० रन बनाऐं जवाब में खेलने उतरी स्काई क्लब १३१ रन बनाकर आऊट हो गई।

# एनएसएस के शिविर का समापन, वृद्धाश्रम में किया श्रमदान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्रम सेवा सहयोग की भावना से लगाए गए ज्ञान ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का विशेष सात दिवसीय शिविर गाडरीढाना में १७ मार्च से २३ मार्च २०२५ तक आयोजित किए था। शिविर के समापन समारोह प्रतिवर्षा अनुसार इस वर्ष भी वृद्ध आश्रम में पहुंचकर सभी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने अपने कार्यक्रम अधिकारी विनोद तिवारी के साथ सभी वृद्ध जनों के बीच उनका हाल-चाल जाना एवं उन्हें अपनी शिविर की दिनचर्या से अवगत कराया।

इस अवसर पर सभी ने वृद्धआश्रम परिसर में श्रमदान कर साफसफाई की जिसकी खुले कंठ से सभी वृद्धजनों ने प्रशंसा की । इस अवसर पर प्रमुख रूप से किशोर न्याय बोर्ड के पूर्व सदस्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी



श्यामलराव, समाजसेवी आशीष साहू, अथर्व तिवारी, शिक्षिका नीता स्वामी, श्रीमती उमा उईके, सीमा बंदेवार, श्रीमती बरासिया, कु. शिवानी सहित वृद्ध आश्रम के अधिकारी कर्मचारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

इस अवसर पर वृद्धाआश्रम में उपस्थित सभी लगभग १००० बुजुर्गों को शिविर की ओर से फ्ल एवं मट्ठा छाछ का वितरण किया गया। जैसे ही स्वयं सेवकों ने उक्त खाद्य सामग्री बुजुर्गों को दी उन्होंने सर पर हाथ रखकर दुआ देते हुए कहा कि आप हमारे नाती पोते बेटे जैसे हैं आज आपने हमारे साथ समय बिताया और हमें यह खाने पीने की सामग्री दी। बेटा हम आपको आशीर्वाद देते हैं। आप सभी अपने घर के बुजुर्गों का 2याल रखना।